सरकार का क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

**गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख). देश के कुछ भागों में अश्लील साहित्य के प्रकाशन में कुछ वृद्धि होने की सरकार को जानकारी है। हिन्दी में भी ऐसे प्रकाशनों के दृष्टान्त ध्यान में आए हैं।

(ग) अश्लील प्रकाशनों के उत्पादन, बिक्री तथा परिचालन को रोकने के लिए केन्द्रीय सरकार ने सभी राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से कानून के अन्तर्गत कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। राज्य सरकारों ने अश्लील साहित्य वाली अनेक पत्रिकाओं के विरुद्ध कई मुकद्दमें चलाये हैं। एक गैर-सरकारी विधेयक सदन की प्रवर समिति के विचाराधीन है जो अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे प्रकाशनों पर कार्यवाही करने के लिए कानूनी उपबन्धों को सशक्त बनाना चाहता है।

## प्रशासनिक सुधार आयोग

2094. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री शिव कुमार शास्त्री :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रशासनिक सुधार आयोग को अपने प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है ;

(ख) क्या इससे इस महत्वपूर्ण आयोग से निर्णय लेने के काम में जिस गम्भीरता की आशा की जाती है, उसमें बाधा पड़ने की सम्भावना है ; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या आयोग को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में उचित समय लगाने की छूट दी गई है, ताकि किसी महत्वपूर्ण सुझाव की उपेक्षा न हो ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) से (ग). प्रशासनिक सुधार आयोग की स्थापना संबंधी संकल्प आयोग से सरकार को अपना प्रतिवेदन यथा-शीघ्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा करता है। यद्यपि सरकार द्वारा कोई निर्देश नहीं दिया गया है फिर भी आयोग से कई बार यह बताने का अनुरोध किया गया है कि उसके लिए अपना कार्य कब तक पूरा करना सम्भव होगा। आयोग के लिये इससे कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो सकती है क्योंकि वह अपने प्रतिवेदनों के तैयार करने में पूर्ण रूप से विचार करने के लिए स्वतन्त्र है।

## शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय के कर्मचारियों के पाकिस्तान में रह रहे सम्बन्धी

2095. **श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय तथा उससे सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कितने ऐसे कर्मचारी हैं जिनके निकट सम्बन्धी पाकिस्तान में रह रहे हैं ; और

(ख) उनमें से कितने कर्मचारी अपने निकट सम्बन्धियों को मिलने के लिये गत दो वर्षों में पाकिस्तान गये थे ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

## हिन्दी में फार्मों का मुद्रण

2096. **श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**

**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या गृह-कार्य मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के हिन्दी सलाहकार समिति के पुनर्गठन के बारे में अतारांकित प्रश्न संख्या 5246 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गृह-कार्य मंत्रालय द्वारा फार्मों के मुद्रण के सम्बन्ध में जारी किये गये आदेश को दृष्टि में रखते हुए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा जुलाई, 1968 से दिसम्बर, 1968 तक हिन्दी में कितने फार्म छपवाये गये हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालय हिन्दी की नियम पुस्तकाओं तथा फार्मों के मुद्रण में अनावश्यक विलम्ब कर रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार का इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :** (क) इस अवधि में 743 फार्म द्विभाषिक रूप में छपवाये गये ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ग) तिमाही प्रगति रिपोर्टों की गृह मंत्रालय में समीक्षा की जाती है और जहां कहीं आवश्यकता होती है वहां सम्बन्धित मंत्रालय/विभाग का ध्यान विशेषरूप से आकृष्ट किया जाता है । फार्मों तथा मैनुअलों के अनुवाद के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय उत्तरदायी है ; उन्होंने मंत्रालयों/विभागों द्वारा निर्धारित तारीखों तक इनके अनुवाद पूरे करने का अब प्रबन्ध किया है ।

### Agitation Against Assam Reorganisation

2097. SHRI M. L. SONDHI : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some Hill State People's organisations are still agitating against the reorganisation scheme of Assam ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) An organisation called the Hill State People's Democratic Party which came into existence after the reorgnisation scheme was announced, has expressed itself against the scheme.

(b) The reorganisation scheme has generally created a feeling of satisfaction among the people of the hill and valley areas of Assam and is in the best interests of the both the areas. Government hope that those who are now opposed to the Scheme also will persuade themselves soon to appreciate its merits.

### Lady Assistant Teachers working in D. M. C. Schools

2098. SHRI M. L. SONDHI : Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that an assurance was given by the Delhi Municipal Corporation to the Lady Assistant Teachers who worked as teachers during the strike period to the effect that they wonld be absorbed in future vacancies ;

(b) if so, how many lady teachers from among them have been absorbed and how many still remain to be absorbed ;

(c) whether it is also a fact that the 1965 waiting list is being cancelled without providing jobs to all the candidates who qualified in the test : and

(d) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRI BHAKT DARSHAN) : (a) No such assurance was given ; but the lady teachers, who had worked during the strike period and had taken the recruitment test in 1965, were given preference for appointment to regular vacancies over those who had not worked during the strike period.

(b) 125 lady teachers out of 2500, who worked during the strike period, have been absorbed against regular vacancies so far.

(c) Yes, Sir.

(d) The waiting list is normally valid for one year only. Moreover, the minimum prescrided qualifications have also been changed.